हम खाटूवाले हैं

श्याम कृपा से हम प्रेमी बड़े दिलवाले हैं,
हम खाटूवाले हैं सुनो जी हम खाटूवाले हैं....

श्याम पहचान हमारी ये ही तो शान हमारी,
हमें तो श्याम दीवाना कहती है दुनिया सारी,
अरे घर घर अपने श्याम की ज्योत जलाने वाले हैं,
हम खाटूवाले हैं सुनो जी हम खाटूवाले हैं.....

श्याम का तोरण द्वार जीवन में लाये बहार,
देख के मंदिर प्यारा जुड़ जाते श्याम से तार,
अरे श्याम ध्वजा को घर घर में लहराने वाले हैं,
हम खाटूवाले हैं सुनो जी हम खाटूवाले हैं....

श्याम है सेठ हमारा बाबा तो ग्रेट हमारा,
जो आ जाता हैं शरण में पल में देता है सहारा,
हम हैं लाडले बाबा के तो ठाठ निराले हैं,
हम खाटूवाले हैं सुनो जी हम खाटूवाले हैं....

श्याम से मान हमारा श्याम का प्रेमी प्यारा,
किशोरी दास श्याम ने भक्तों पे सब कुछ वारा,
श्याम नाम से खुल जाते किस्मत के ताले हैं,
हम खाटूवाले हैं सुनो जी हम खाटूवाले हैं.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26369/title/hum-khatuwale-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |